an>

Title: Need to provide basic amenities to 'Vantangia' community of Maharajganj district of Uttar Pradesh.

श्री पंकज चौधरी (महाराजगंज): अध्यक्ष महोदया, मैं एक महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। पहले जब वन निगम का कटान होता था, अंग्रेजों के जमाने से जब वन कट जाते थे और वहां पौधे लगते थे, तो स्थानीय मजदूरों को दस साल तक बसाया जाता था क्योंकि वे पौधों की देख-रेख करते थे और अपनी खेती-बाड़ी करते थे। इसी कड़ी में वे आगे चलते जाते थे। जब से कटान बंद हुआ है, उसके बाद से मजदूर वहीं बसे हुए हैं। लेकिन उन्हें कोई सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है। हमारे क्षेत्र में 18 वन ग्राम हैं जिनमें 35 हजार लोग रहते हैं। उन्हें बहुत संघर्षों के बाद राजस्व ग्राम का दर्जा मिला है, लेकिन राजस्व ग्राम की सुविधाएं, चाहे शिक्षा की व्यवस्था हो, पेयजल की व्यवस्था हो या बिजली की व्यवस्था हो, उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। मेरी आपसे मांग है कि उसके लिए व्यवस्था की जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री जगदम्बिका पाल और

श्री शरद त्रिपाठी को श्री पंकज चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।